भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2490
सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**राजस्थान में प्रमुख स्थलों के विकास हेतु व्यापक मास्टर प्लान**

**2490. श्रीमती मंजू शर्मा:**
**श्री अमरा राम:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा किए गए विशेष बजटीय आवंटन से राजस्थान में प्रमुख स्थलों और स्मारकों के विकास हेतु एक व्यापक मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है ताकि वे आदर्श स्थल बने रहें;

(ख) यदि हाँ, तो इन स्थलों पर किए जाने वाले प्रमुख कार्यों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का भविष्य में विकास हेतु ऐसे अन्य स्थलों की भी पहचान करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान के विकास में केंद्र सरकार द्वारा दिया जाने वाला प्रस्तावित योगदान क्या है; और

(ङ) सरकार का राजस्थान में धार्मिक ऐतिहासिक स्थलों और रेगिस्तानी क्षेत्रों का विकास किस प्रकार करने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन की अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजना के तहत राज्य सरकारों को पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस योजना को अब स्वदेश दर्शन 2.0 के रूप मे नया नाम दिया गया है। स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के दिशानिर्देशों में बेंचमार्किंग और विस्तृत अंतराल मूल्यांकन के आधार पर गंतव्य मास्टर प्लान तैयार करने की परिकल्पना की गई है। राजस्थान राज्य में एसडी 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

उपरोक्त के अतिरिक्त, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं जैसे चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी), तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए) और पूंजी

निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) के तहत पर्यटन सुविधाओं और अनुभवों के विकास हेतु भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। राजस्थान राज्य में धार्मिक, ऐतिहासिक और मरूस्थलीय क्षेत्रों सहित प्रशाद, एसीए और एसएएससीआई योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध-I**

श्रीमती मंजू शर्मा और श्री अमरा राम द्वारा राजस्थान में प्रमुख स्थलों के विकास हेतु व्यापक मास्टर प्लान के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2490 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत राजस्थान राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृति राशि (करोड़ रु. में) | प्रमुख घटक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आध्यात्मिक अनुभव, केशवरायपाटन, बूंदी | 2023-24 | 21.65 | पार्किंग और प्रवेश प्लाजा, व्याख्यान केंद्र और टिकटिंग क्षेत्र, घाट का विकास और आरती प्लेटफार्म, भोजनालय और पर्यटक सुविधाएं, मंदिर का जीर्णोद्धार और बेसन वॉल का जीर्णोद्धार, मंदिर के अग्रभाग मे प्रकास व्यवस्था एवं संबद्ध अवसंरचना |
| 2. | खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य | 2024-25 | 87.87 | व्याख्यान केंद्र (डिजिटल संग्रहालय / प्रदर्शन), कथा पंडाल, ओएटी और प्रकाश और ध्वनि शो, प्रतीक्षालय, पार्किंग, फूड कोर्ट, शौचालय ब्लॉक आदि। |
| 3. | श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य | 2024-25 | 22.57 | दुकानें और कियोस्क, मेला मैदान का विकास, आवृत मंदिर मार्ग, पर्यटक सुविधा केंद्र (व्याख्यान केंद्र, बहुउद्देशीय हॉल, कैफेटेरिया, लॉकर रूम और शू रैक (संख्या 01), पार्किंग, शामिल हैं) |
| 4. | मालासेरी डूंगरी, जिला भीलवाड़ा का विकास | 2024-25 | 48.73 | प्रवेशद्वार, पार्किंग, भूनिर्माण, भोजनशाला, शौचालय ब्लॉक, बहुउद्देशीय भवन (ध्यान हॉल / कथा पंडाल / सम्मेलन हॉल / व्याख्यान केंद्र), आंतरिक बीटी रोड और मंदिर कनेक्टिविटी रोड (आंतरिक परिसर कनेक्टिविटी के लिए पथ सहित कर्ब स्टोन के साथ 12 मीटर चौड़ी बीटी रोड टॉप) आदि। |

*****

**अनुबंध-II**

श्रीमती मंजू शर्मा और श्री अमरा राम द्वारा राजस्थान में प्रमुख स्थलों के विकास हेतु व्यापक मास्टर प्लान के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2490 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**प्रशाद, केंद्रीय एजेंसियों को सहायता और एसएएससीआई योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा:**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| **प्रशाद योजना** | | | |
| 1. | पुष्कर /अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 |
| **केंद्रीय एजेंसियों को सहायता** | | | |
| 1. | तनोट कॉम्प्लेक्स, जैसलमेर सेक्टर में सीमा पर्यटन का विकास | 2022-23 | 17.68 |
| 2. | नवल सागर झील, बूंदी में म्यूजिकल फाउंटेन और वॉटर स्क्रीन मल्टीमीडिया आधारित प्रोजेकशन शो की स्थापना | 2023-24 | 9.26 |
| **पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)** | | | |
| 1. | आमेर- नाहरगढ़ और आसपास के क्षेत्र में विकास | 2024-25 | 49.31 |
| 2. | जयपुर के जलमहल में विकास | 2024-25 | 96.61 |

*****